भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक तकनीकी सहयोग संगठन है। एनएचएसआरसी, विभिन्न कार्यों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करता है। ऐसी आवश्यकताएं गतिशील प्रकृति की होती हैं। एनएचएसआरसी का कार्य सात प्रभागों में वितरित है, जिनके नाम हैं– सामुदायिक प्रक्रियाएं और व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण, स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, जन स्वास्थ्य नियोजन, जन स्वास्थ्य प्रशासन, और गुणवत्ता सुधार।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

जन स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान की जाने वाली देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक बनाए किए गए थे। इस कार्य के लिए, एनएचएसआरसी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सचिवालय का कार्य करता है। वर्ष 2013 में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जिला अस्पतालों के लिए गुणवत्ता आश्वासन प्रचालन संबंधी दिशानिर्देश और गुणवत्ता मानक तैयार किए गए थे। इसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के लिए गुणवत्ता मानकों को तैयार और कार्यान्वित किया गया और बाद के वर्षों में शहरी पीएचसी के लिए गुणवत्ता मानकों को लागू किया गया। प्रत्येक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के अनुपालन की सीमा के मापन की एक सुस्पष्ट प्रणाली है। प्रत्येक गुणवत्ता मानक के मापने योग्य घटक और जांच बिंदु मौजूद हैं।

एनक्यूएएस के कार्यान्वयन हेतु राज्यों की क्षमता निर्माण के लिए प्रत्येक गुणवत्ता मानकों की बारीकियों को समझने के लिए पर्याप्त प्रयास किए जाते हैं, साथ ही राज्य गुणवत्ता आश्वासन समिति और जिला गुणवत्ता आश्वासन समितियों के माध्यम से गहन सहयोग (हैंड होल्डिंग) प्रदान किया जाता है।

यह प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार और राज्यों को कायकल्प और लक्ष्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में भी सहयोग प्रदान करता है।

उपर्युक्त कार्यों में सहयोग प्रदान करने के लिए, एनएचआरसी गुणवत्ता सुधार प्रभाग में एक एक परामर्शदाता की भर्ती करने का इच्छुक है। पदग्राही से अपेक्षित है कि वह अच्छी नैदानिक पृष्ठभूमि और उत्कृष्ट लेखन कौशल वाला हो।

राज्यों को सहयोग प्रदान करने के लिए राज्यों की अत्यधिक यात्रा करनी होती है, जो संपूर्ण कार्य अवधि की लगभग एक–तिहाई हो सकती है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- समसामयिक साहित्य एवं कार्यक्रम दिशानिर्देशों की समीक्षा करना, और एनक्यूएएस के अंतर्गत वर्तमान मापन प्रमाणी (एमई एवं जांच बिंदुओं) का परीक्षण करना,
- एनएक्यूएस के कार्यान्वयन में राज्यों को सहयोग करना,
- प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना,
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना
- गुणवत्ता आश्वासन प्रभाग की आवश्यकतानुसार कोई अन्य कार्य।

योग्यताएं एवं अनुभवः

अनिवार्य योग्यता–

उपर्युक्त दायित्व निर्वहन के लिए आवेदनकर्ता के पास निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव का होना अपेक्षित हैं–

- किसी ख्यातिप्राप्त संस्थान से अस्पताल प्रशासन/अस्पताल प्रबंध/स्वास्थ्य प्रबंध/जन स्वास्थ्य में दो वर्ष की पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि।
- योग्यता उपरांत 3 वर्षों का अनुभव।

वांछनीय–निम्नलिखित आवेदकों को वरीयता प्रदान की जाएगी–

- एमबीबीएस (समतुल्य– भारत में चिकित्सा उपचार के लिए सक्षम प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त),
- प्रत्यक्ष परिणामों सहित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन का गहन अनुभव।

नोट–

- केवल संक्षिप्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- अभ्यर्थियों के लेखन कौशल और भाषा प्रवीणता का निर्णय करने के लिए उन्हें लिखित परीक्षा में भाग लेने एवं प्रस्तुति के लिए कहा जा सकता है।

**योग्य अभर्थियों को शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।*

आयु सीमाः 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

**उपयुक्त अभ्यर्थियों के लिए आयु में ढील दी जा सकती है।*

कार्य स्थलः नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की अत्यधिक यात्रा।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. तक

*******योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 19 **दिसंबर** 2019 तक recruitment.qi.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।